# मकान के तलघर में मिले महिला-पुरुष के शव

## रतलाम में साले की पत्नी के साथ लिव-इन में रह रहा था युवक; सल्फास खाकर दी जान

**रतलाम।**

जिले के ढोढर में गुरुवार सुबह निर्माणाधीन मकान के तलघर में एक महिला और पुरुष के शव मिले। मौके से सल्फास की गोलियां और सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस के अनुसार, नोट में दोनों ने अपनी मौत की जिम्मेदारी खुद लेने की बात लिखी है।

मृतकों की पहचान ईश्वरलाल प्रजापत (38) निवासी कलालिया और चंदाबाई निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। सुबह मकान मालिक निर्माणाधीन मकान पर पहुंचा था। तलघर में दोनों के शव पड़े देखकर उसने ढोढर पुलिस चौकी को सूचना दी।

सूचना मिलते ही जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय, रिंगनोद थाना प्रभारी आनंदसिंह आजाद और ढोढर चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा बनाकर दोनों शवों को जावरा सरकारी अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



पुलिस के अनुसार, चंदाबाई ईश्वरलाल के साले की पत्नी थी। शवों की स्थिति और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बताया कि दोनों ने बुधवार रात करीब 12 से 1 बजे के बीच सल्फास की गोलियां खाई होंगी।

### एक साल से लिव इन में रह रहे थे

पुलिस की जांच में सामने आया कि ईश्वरलाल मकान बनाने की ठेकेदारी करता था। जिस निर्माणाधीन मकान में दोनों के शव मिले, उसका काम भी वही ठेके पर कर रहा था। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और वे पिछले एक साल से लिव इन में रह रहे थे। दोनों ने ढोढर में किराए का मकान ले रखा था।

### सुसाइड नोट में खुद को बताया जिम्मेदार

पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया है। इसमें दोनों ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है और अपनी इच्छा से जान देने की बात लिखी है।

ढोढर चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने बताया कि ईश्वरलाल पिछले एक साल से अपने साले की पत्नी के साथ लिव इन में रह रहा था। मौके से मिले सुसाइड नोट के आधार पर दोनों की मौत की जांच की जा रही है। मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है। जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय ने बताया कि मामले में सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।





# सुने मकान में चोरी, नगदी व जेवरात ले गए

**रतलाम।** दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के अमृतसर कालोनी के एम आई जी 95 मकान में चोरी हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मकान मालिक एक हफ्ते से बहार गये हुए थे तथा मकान सुना था। गुरुवार की सुबह दुध वाला आया तो उसने हार्न बजाया तो बहार कोई नहीं आया तो उसने पड़ोसी को बुलाया और कहा कि ताला खुला है और कोई बहार नहीं आ रहा तो पड़ोसी ने मकान मालिक को मोबाइल लगाया तो उन्होंने कहा मैं इन्दौर में हु पड़ोसी ने उन्हें बताया कि घर का ताला खुला हुआ है और वे रतलाम के लिए निकल पड़े। पड़ोसी ने पुलिस को सुचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और देखा और कहा कि मकान मालिक के आते ही खबर करना दोपहर बाद मकान मालिक श्री मति राजा राठी पति बालकृष्ण राठी रतलाम पहुंचे और पुलिस के साथ ही घर में जाकर देखा तो बेड रूम में रखी अलमारी का ताला टुटा हुआ था।

श्री मति राठी ने बताया कि अलमारी में एक लाख चालीस हजार के लगभग नगद रुपए,दस ग्राम सोने का सिक्का, दो जोड़ी सोने की झूमकी, चांदी के गिलास, कटोरी, पाईजेब चांदी के 12 सिक्के सहित अन्य सामान घर से गायब है।श्री मति राठी के अनुसार 800 ग्राम चांदी 20 ग्राम सोने तथा एक लाख चालीस हजार के लगभग नगद रुपए गायब है।जिसकी रिपोर्ट दिनदयाल नगर थाने पर की गई है।

## आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटखोरी के विरुद्ध होगी प्रभावी कार्रवाई

**रतलाम।** आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटी, नकली दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने वाले कारोबारियों के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011 के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करने हेतु अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत के आदेशानुसार दल का गठन किया गया है। दल क्रमांक-01 में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शैलेष गुप्ता, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख रामचन्द्र पाण्डेय , सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री मुकेश चौहान तथा सैनिक भूपेन्द्रसिंह सोलंकी शामिल हैं। इस दल को रतलाम शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र आवंटित किया गया है। दल क्रमांक-02 में नायब तहसीलदार ताल निर्भय सिंह पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री कादम्बिनी धकाते तथा सैनिक मनीष रजक शामिल हैं। इस दल को ताल, आलोट एवं पिपलौदा क्षेत्र आवंटित किया गया है। दल क्रमांक-03 में नायब तहसीलदार सुदेश कृष्नामें, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश गौड़ तथा सैनिक अजय पंवार शामिल हैं। इस दल को जावरा क्षेत्र आवंटित किया गया है। दल क्रमांक-04 में नायब तहसीलदार देवेंद्र दानगढ़, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रीति मंडलोई, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मोहित मेघवंशी तथा सैनिक भूपेश जोशी शामिल हैं। इस दल को सैलाना, बाजना, रावटी एवं शिवगढ़ क्षेत्र आवंटित किया गया है। उक्त दल जिले में रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मावा, मिठाई, नमकीन एवं विशेष रूप से बाहर से आने वाले मावा, मिठाई एवं पनीर पर विशेष निगरानी रखेंगे।उक्त खाद्य पदार्थों के नमूने नियमानुसार लिए जाकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## किसानों से अपील, 31 अगस्त से मंडी में प्याज उपज लेकर आएं

**रतलाम।** सचिव कृषि उपज मंडी समिति रतलाम ने बताया कि 29 अगस्त 2026 रक्षाबंधन पर्व का अगला दिवस होने से मंडी प्रांगण में महिला श्रमिको के आने की सम्भावना कम है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए कृषक बंधुओ से अपील की जाती है कि मंडी में लगभग 450 से 500 प्याज के वाहनों की नीलामी हो पाएगी। जबकि वर्तमान तक 200 से 250 वाहन मंडी प्रांगण में आ चुके है।

## शासकीय आईटीआई बाजना में ष्टरुष्ट प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**रतलाम।** प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई. बाजना ने बताया कि संस्था में सी.एल.सी. राउण्ड के लिए चॉइस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 29 अगस्त तक चलेगी। 31 अगस्त को मेरिट क्रम प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें से आवेदक को एक विकल्प लॉक करना होगा। 1 सितम्बर को मेरिट सूची जारी कर प्रवेश दिए जाएंगे, जबकि 3 सितम्बर को प्रतीक्षा सूची के आवेदकों को प्रवेश का मोका मिलेगा।

संस्था में सोलर ट्रेड में 16 सीट, मैकेनिक डीजल में 13 सीट, फिटर में 12 सीट, सिलाई तकनीशियन में 10 सीट, कम्प्यूटर (कोपा) में 10 सीट तथा विद्युतकार में 5 सीट रिक्त हैं। इन ट्रेडों में प्रवेश का अवसर उपलब्ध है।

संस्था ने युवाओं से समय सीमा का इंतजार नहीं करते हुए उपलब्ध रिक्त सीटों के लिए निर्धारित अवधि में चॉइस फिलिंग प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

## स्वामी विवेकानंद शा वाणिज्य महाविद्यालय में 'खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात, पीएम के साथ' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### कलेक्टर कटेसरिया ने युवाओं को खेलों से जुडने, फिटनेस अपनाने के लिए किया प्रेरित



**रतलाम।** मेरा युवा भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय, रतलाम में 'खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात, पीएम के साथ' कार्यक्रम की Tw-Way categry के अंतर्गत आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर अजय कटेसरिया, युवा आइकन निशित श्रीमाल एवं सोशल मीडिया प्रतिनिधि रौनक राठौर उपस्थित रहे। युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन युवा संवाद में सहभागिता की तथा खेल, फिटनेस एवं युवा सहभागिता से जुड़े विषयों पर उनके विचार सुने।

इसके पश्चात कलेक्टर अजय कटेसरिया ने युवाओं को खेलों से जुडने, फिटनेस अपनाने एवं नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

स्थानीय खिलाडियों का सम्मान कर उनसे संवाद किया गया तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल सुविधाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश माहेश्वरी ने युवाओं को 'विकसित भारत-नशा मुक्त भारत' की शपथ दिलाई। युवाओं को MYbharat वेबसाइट myb-harat.gv.in पर पंजीयन के लिए प्रेरित किया गया तथा VYL uiz की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सावन में सजे रिद्धि सिद्धि रेजिडेंसी विराजित सिद्धेश्वर महादेव, विभिन्न स्वरूपों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

**रतलाम।** रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पूरे सावन माह श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण बना रहा। पूरे महीने भगवान भोलेनाथ के विभिन्न दिव्य एवं आकर्षक स्वरूपों में श्रृंगार किए गए, वहीं अनेक धार्मिक आयोजनों के माध्यम से कॉलोनीवासियों ने सामूहिक रूप से धर्मलाभ प्राप्त किया।

चारों सावन सोमवार पर किए गए विशेष श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहे। बर्फानी बाबा, अर्धनारीश्वर, गणपति, तिरुपति बालाजी एवं जगन्नाथ पुरी स्वरूप के साथ तृतीय सावन सोमवार को नागचंद्रेश्वर महादेव और अंतिम सोमवार को महाकालेश्वर स्वरूप के दर्शन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महाकालेश्वर स्वरूप ऐसा मनमोहक था कि मानो साक्षात महाकाल मंदिर में विराजमान हों। इन दर्शनीय श्रृंगारों के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे।



सावन के प्रत्येक सोमवार महाआरती एवं महाप्रसादी, सामूहिक सहस्त्रधारा अभिषेक तथा प्रतिवर्षानुसार महादीप आरती का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने 11-11 दीपक लेकर श्रद्धा से सहभागिता की। हरियाली अमावस्या पर महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से 84 पार्थिव महादेव अभिषेक एवं पूजन भी किया गया।

कॉलोनी के वरिष्ठ ईश्वरलाल पुरोहित ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के इन अनुपम श्रृंगारों को प्रियंका मांदलिया एवं उनकी सहयोगी टीम ने अपनी मेहनत, लगन, कौशल और भक्ति भाव से साकार किया।

सावन के अंतिम दिन भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया व आरती की गई। अनसूया भाटी एवं समिति द्वारा प्रियंका का पुष्पहार से अभिनंदन कर शुभाशीष प्रदान किया गया। प्रियंका ने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास और भोलेनाथ की विशेष कृपा का परिणाम है। उन्होंने नंदनी सिरसाट एवं सुमन जाट के विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# त्रिवेणी मुक्तिधाम पर गणेश उत्सव की बनी रूपरेखा, एक लाख से ज्यादा लोगों को निकलने का आह्वान

**रतलाम।** बुधवार देर रात वाट्सएप पर एक मैसेज वायरल होने के करीब दो घंटे बाद बड़ी संख्या में हिंदू समाजजन आधी रात 12 बजे त्रिवेणी मुक्तिधाम पर एकत्र हुए। युवाओं की टोलियां भगवा गमछा पहने और जय-जय श्री राम के नारे लगाते हुए मुक्तिधाम के बाहर पहुंचीं। यहां आगामी अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन के चल समारोह सामूहिक रूप से निकालने का निर्णय लिया गया।

वायरल मैसेज के बाद रात करीब 12 बजे त्रिवेणी मुक्तिधाम पर लोगों की संख्या लगातार बढ़ती गई। युवाओं के साथ व्यापारी, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग, भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक भी यहां पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों ने आगामी अनंत चतुर्दशी को लेकर सामूहिक आयोजन की बात कही। इस दौरान रतलाम की सड़कों पर एक से डेढ़ लाख हिंदू समाजजनों के एकत्र होने का आह्वान किया गया।

### 6 सितंबर को होगी बड़ी बैठक

मुक्तिधाम पर हुई चर्चा में तय किया गया कि 6 सितंबर को जेएमडी पैलेस में हिंदू समाज की बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अनंत चतुर्दशी के आयोजन समेत अन्य मुद्दों पर आगे के निर्णय लिए जाएंगे।



फिलहाल यह भी कहा गया कि गणेश विसर्जन के दौरान अलग-अलग चल समारोह निकालने के बजाय इस बार सामूहिक रूप से आयोजन किया जाएगा।

### भीड़ के बीच सिविल ड्रेस में पुलिस रही मौजूद

वाट्सएप मैसेज वायरल होने के बाद पुलिस भी सक्रिय रही। भीड़ के बीच सिविल ड्रेस में पुलिस जवान मौजूद रहे और पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी गई। मौके पर किसी बड़े पुलिस या प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी नजर नहीं आई। भीड़ समाप्त होने के बाद एएसपी राकेश पंद्रो त्रिवेणी मुक्तिधाम पहुंचे।

मैसेज में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील वायरल मैसेज में दिनभर शहर में रहे घटनाक्रम और शहर बंद रहने का उल्लेख करते हुए लोगों से रात 12 बजे त्रिवेणी मुक्तिधाम पहुंचने की अपील की गई थी। इसमें लोगों से शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से अपनी भावनाएं व्यक्त करने को कहा गया था। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मुक्तिधाम पहुंचे और आगामी आयोजन को लेकर अपनी सहमति जताई।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर 29 अगस्त को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में होगा आयोजित

**रतलाम।** प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किए जा रहे 'मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम' के तहत इस सप्ताह 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के शासकीय अवकाश के कारण शिविर का आयोजन शनिवार, 29 अगस्त 2026 को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में प्रातः 11 बजे किया जाएगा। बालाघाट जिले में मुख्यमंत्री का द्वितीय जनविश्वास दौरा 29 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बालाघाट जिले में द्वितीय जनविश्वास दौरा प्रस्तावित है। इसी के दृष्टिगत रतलाम जिले में आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में स्थानीय स्तर पर नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहेंगे उपस्थित अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में आयोजित शिविर में मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, जिले के विधायकगण, महापौर प्रहलाद पटेल, कलेक्टर, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण सहित नगर पालिक निगम रतलाम एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। शिकायतों के त्वरित निराकरण पर रहेगा जोर शिविर में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं की समीक्षा कर उनके निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों पर शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है।

### मो. नासिर कुरेशी व बंशीलाल गांधी को दी श्रृद्धांजली

**रतलाम।** मोहम्मद नासिर कुरेशी - पार्षद वार्ड क्रमांक 47 जो विगत 3 निगम परिषद (वर्ष 2000 से 2004, 2005 से 2009, 2010 से 2014) में भी पार्षद के पद पर रहे तथा नगर निगम की प्रथम निगम परिषद (वर्ष 1995 से 1999) में पार्षद रहे श्री बंशीलाल गांधी का आकस्मिक निधन आकस्मिक निधन हो जाने पर निगम सभागृह में शोक सभा आयोजित कर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की गई।

निगम सभागृह में आयोजित शोक सभा में निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, धर्मेन्द्र व्यास, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, पार्षद शक्तिसिंह राठौर, परमानन्द योगी, रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, वहीद शैरानी, कमरूद्धीन कचवाय, मोहम्मद सलीम बागवान, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती निशा सोमानी, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती यास्मीन शैरानी, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मनीषा चौहान, श्रीमती कविता महावर, श्रीमती निलोफर खान, पूर्व पार्षद रजनीकान्त व्यास, राजीव रावत, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, राजेश माहेश्वरी, विजयसिंह चौहान, हितेश पेमाल, किशनलाल भानीगामा, रामचन्द्र डोई, रमेश पांचाल, उपायुक्त सचिन सिटोले सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### समय सीमा में कार्य नहीं करने पर 7 लापरवाह ग्राम पंचायत सचिव दंडित

**रतलाम।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर जिले में दो ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

डीपीओ योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत बाजना की ग्राम पंचायत गडीगमना, ग्राम पंचायत रायपाडा ग्राम पंचायत झरन्या, ग्राम पंचायत खेरदा एवं जनपद पंचायत जावरा के ग्राम पंचायत शक्करखेडी, ग्राम पंचायत हाट पिपलीया तथा जनपद पंचायत रतलाम की ग्राम पंचायत नेगड्डा के सचिवों द्वारा लोक सेवा के आवेदन निर्धारित समय सीमा में निराकृत नहीं किए गए। समय सीमा बाह्य होने पर जिला योजना अधिकारी द्वारा संबंधित दोनों ग्राम पंचायत सचिवों को दंडित किया गया है।

जिला योजना अधिकारी द्वारा जारी दंड आदेश का उल्लेख संबंधित कर्मचारियों के सेवा अभिलेख में भी किया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शासन की सेवाओं का लाभ आमजन को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।

जनता को समय पर शासकीय सेवाओं का लाभ नहीं देने तथा कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को ब्रह्माकुमारीज बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र



**रतलाम।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर नगर में उत्साह का वातावरण है। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का प्रतिनिधि मंडल कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से मिला और रक्षाबंधन की बधाई, शुभकामनाएं दी। ब्रह्माकुमारी सविता दीदी के नेतृत्व में मंत्री श्री काश्यप को रक्षा सूत्र भी बांधा गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी बहनें एवं भैय्या उपस्थित रहे।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यावाही



**रतलाम।** डीईओ आबकारी विभाग विकास मंडलोई ने बताया कि कलेक्टर अजय कटेसरिया के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध जावरा क्षेत्र के ग्राम नौलक्खा में दबिश एवं तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 35 पाव देशी मदिरा प्लेन, 05 लीटर हाथ भट्टी तथा कच्ची मदिरा जप्त की गई। जिसमें आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क के तहत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही जारी रहेगी।